# संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास

इन्द्रावती भवन, डी ब्लाक, चतुर्थ तल अटल नगर नवा रायपुर (छ.ग.)
Phone No. - 0771-2543750, Email ID - technicalcellraipur2017@gmail.com

क्रमांक / यां.प्र.–5 / 2024 / 3876 अटल नगर रायपुर, दिनांक 08/08/2024

प्रति,

1 समस्त आयुक्त
नगर पालिक निगम
छत्तीसगढ़

2 समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद / नगर पंचायत
छत्तीसगढ़

विषयः– **कोचिंग सेंटर तथा अन्य सार्वजनिक एवं शैक्षणिक संस्थानों में सुरक्षा की आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु सुरक्षा ऑडिट कराये जाने के संबंध में।**

—000—

विषयांतर्गत लेख है कि प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में संचालित समस्त कोचिंग सेंटर, स्कूल, कॉलेज, हॉस्टल, हॉस्पिटल, मॉल, सिनेमा घर, आदि सार्वजनिक एवं शैक्षणिक संस्थानों में सुरक्षा ऑडिट हेतु निम्नानुसार समिति का निकाय स्तर पर गठन किया जावें :–

अ) **नगर पालिक निगम हेतु सुरक्षा ऑडिट समिति**
1. निकाय के भवन अधिकारी
2. निकाय के वरिष्ठ अभियंता
3. निकाय के राजस्व विभाग के प्रतिनिधि

ब) **नगर पालिका परिषद् तथा नगर पंचायत हेतु सुरक्षा ऑडिट समिति**
1. मुख्य नगर पालिका अधिकारी
2. वरिष्ठ अभियंता
3. निकाय के राजस्व विभाग के प्रतिनिधि

उपरोक्तानुसार गठित सुरक्षा ऑडिट समिति **संलग्न दिशा–निर्देशों** के अनुसार नगर में संचालित समस्त विषयांकित संस्थानों का <u>**सुरक्षा ऑडिट 01 माह के समय सीमा में पूर्ण कर पालन प्रतिवेदन**</u> संबंधित निकाय के आयुक्त / मुख्य नगर पालिका अधिकारी के माध्यम से मुख्य अभियंता, संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे।

<u>**संलग्न – उपरोक्तानुसार**</u>

संचालक
(नगरीय प्रशासन एवं विकास
अटल नगर नवा रायपुर (छ.ग.)

P.T.O.